Title: Need to ensure basic telephone services in rural areas.

**प्रो. रासा सिंह रावत (अजमेर) :** मान्यवर अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहूंगा कि देश में सूचना और प्रसारण के क्षेत्र में वैसे तो महत्वपूर्ण क्रांति आ गयी है लेकिन अभी तक देश के लगभग 67 हजार से ज्यादा गांव दूरभाष की बुनियादी सुविधाओं से वंचित हैं, विशेषकर राजस्थान, मध्य प्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ सहित लगभग 13 राज्यों के अधिकांश गांव अभी तक टेलीफोन की बुनियादी सुविधाओं से वंचित हैं। इसमें वे क्षेत्र शामिल नहीं हैं जिनकी आबादी 100 से कम है, जो घने जंगलों के अंदर हैं, पहाडी क्षेत्रों में हैं या उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र हैं। मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान राजस्थान के 12,386 गांवों की ओर आकर्षित करना चाहूंगा जहां पर अभी तक दूर संचार सेवा पहुंच नहीं पाई है। हमने सरकार से डब्ल्यूएलएल के लिए प्रार्थना की थी। पिछली सरकार ने इस संबंध में काफी कुछ किया लेकिन वर्तमान सरकार के आने के बाद डब्ल्यूएलएल, गांवों के अंदर जो नई संचार प्रणाली लगानी थी, जिससे लोगों को संचार सुविधाएं उपलब्ध हो सकें, उसके लिए धन आवंटित नहीं कराया गया। एक तरफ तो 'MARR' पहले वाली दोषपूर्ण प्रणाली थी, उसे भी पूरा बदला नहीं गया। दूसरी ओर ग्रामीणों को पैसा जमा कराये हुए सात-आठ साल हो गये हैं लेकिन अभी तक उन लोगों को दूर संचार सेवा प्रदान नहीं की गयी।

मैं आपके माध्यम से सरकार से प्रार्थना करना चाहता हूं कि भारत संचार निगम लिमिटेड को यूनिवर्सल फंड से ज्यादा से ज्यादा पैसा आवंटित करके गांवों के अंदर विशेषकर राजस्थान के ग्रामीण क्षेत्रों में संचार सुविधा उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश प्रदान करें। धन्यवाद।

SHRI DUSHYANT SINGH (JHALAWAR): Sir, I would like to associate.

MR. SPEAKER: There is no notice for it.